myGOV मेरी सरकार

# टीकाकरण से जुड़े सवाल और उनके जवाब





**Q.** **सरकार ने टीकाकरण के लिए प्राथमिकता क्यों तय की है?**

**A.** टीकाकरण के लिए प्राथमिकता तय करने का मुख्य उद्देश्य सबसे कमजोर लोगों की रक्षा और हेल्थकेयर सिस्टम पर बोझ को कम करना है।

my GOV
मेरी सरकार



# टीकाकरण से जुड़े
# सवाल और उनके जवाब



**Q.** **आयु-आधारित मानदंड के आधार पर टीकाकरण की प्राथमिकता तय करना कितना सही है?**

**A.** कुछ नागरिकों को टीकाकरण के लिए प्राथमिकता दी गई है क्योंकि वह वायरस के प्रति ज्यादा संवेदनशील हैं। पूरे देश में कोरोना से होने वाली 10 में से 9 मौतें 45 वर्ष तथा उससे अधिक उम्र के लोगों की हो रही हैं। इसलिए हेल्थकेयर एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स, वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी गई है।



my GOV
मेरी सरकार

# टीकाकरण से जुड़े
# सवाल और उनके जवाब



**Q.** क्या भारत में वैक्सीन आपूर्ति की कमी है?

**A.** नहीं! वैक्सीन आपूर्ति की कमी नहीं है। जब भारत में 9 करोड़ लोगों का टीकाकरण (9 अप्रैल 2021 को) संपन्न हुआ था, तब 2.4 करोड़ टीके स्टॉक में थे और 1.9 करोड़ टीके राज्यों को वितरित किए जा रहे थे।

myGOV
मेरी सरकार



# टीकाकरण से जुड़े सवाल और उनके जवाब

## Q. कई वैक्सीन उपलब्ध होने के बाद भी भारत में केवल कुछ ही टीके क्यों स्वीकृत हैं?



**A.** ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) वैक्सीन को उपयोग के लिए स्वीकृति देने से पूर्व इसके क्लिनिकल ट्रायल की जांच करता है। कोविशील्ड, कोवैक्सीन एवं स्पुतनिक-V ने सुरक्षा एवं इम्यूनोजेनेसिटी आवश्यकताओं को पूरा किया है।

सरकार (जैव प्रौद्योगिकी विभाग) समर्थित 10 टीकों में से 5 टीके ह्यूमन ट्रायल के चरण में हैं, जिसमें हाल ही स्वीकृति पाने वाला रुसी वैक्सीन स्पुतनिक-V भी शामिल है।

# टीकाकरण से जुड़े
# सवाल और उनके जवाब






## Q. भारत में अब तक टीकाकरण की क्या स्थिति है?

**A.** भारत प्रतिदिन औसतन 40 लाख टीकाकरण (12 अप्रैल 2021) कर पहले ही दुनिया में सबसे अधिक दैनिक टीकाकरण कर चुका है, जो न्यूज़ीलैंड की जनसंख्या के बराबर है।

myGOV मेरी सरकार



# टीकाकरण से जुड़े सवाल और उनके जवाब



## Q. अमेरिका और चीन की तुलना में भारत कहां पर है?

**A.** भारत ने मात्र 85 दिनों में 10 करोड़ टीकाकरण करके कीर्तिमान स्थापित किया है। यह गति अमेरिका तथा चीन से तेज है। जहां ,अमेरिका में 10 करोड़ लोगों के टीकाकरण में 89 दिन लगा है वहीं चीन में 10 करोड़ लोगों का टीकाकरण 102 दिन में हुआ है।

my GOV
मेरी सरकार

# टीकाकरण से जुड़े
# सवाल और उनके जवाब



## Q. क्या दूसरे देशों में भी टीकाकरण हेतु प्राथमिकता समूह का निर्धारण किया गया था?




**A.** भारत की तरह ही कई देशों में टीकाकरण अभियान के पहले चरण में आयु तथा व्यवसाय आधारित पात्रता मानदंड थे। उदाहरण के लिए अमेरिका में रोग नियंत्रक एवं रोकथाम केंद्र ने सिफारिश की थी कि शुरुआत में हेल्थ केयर वर्कर्स, फ्रंट लाइन के आवश्यक वर्कर्स और 75 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वैक्सीन दी जाए।

my GOV
मेरी सरकार



# टीकाकरण से जुड़े
# सवाल और उनके जवाब



**Q.** **भारत का टीकाकरण लक्ष्य क्या है?**

**A.** भारत ने अगस्त तक 30 करोड़ संवेदनशील नागरिकों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा है और हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं



my GOV मेरी सरकार

# टीकाकरण से जुड़े सवाल और उनके जवाब



## Q. भारत द्वारा विदेशों में भेजे गए टीकों का क्या हुआ?

**A.** विदेशों में भेजे गए 6 करोड़ से अधिक टीकों को या तो व्यवसायिक रुप से निर्यात किया गया था या कोवैक्स कार्यक्रम के अंतर्गत भेजा गया था। इसका एक हिस्सा संविदात्मक दायित्वों का हिस्सा था जो निर्माता को पूरा करना होता है। हमें याद रखना चाहिए कि विनिर्माण अधिकार के साथ संविदात्मक दायित्व भी होते हैं।